हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 8 अप्रैल 2026
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

11 बोर नहीं, तालाब सूखने की कगार पर, गर्मी में गहराएगा...



12 शुद्ध के लिए युद्ध : विश्व स्वास्थ्य दिवस पर भ्रामक...



## खबर संक्षेप

### आत्महत्या के लिए उकसाने वाली महिला गिरफ्तार

**भिलाई।** आत्महत्या के लिए उकसाने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि हाउसिंगबोर्ड कोहका निवासी सृजन कन्हैया पाण्डेय ने सूचना दिया कि मोहन रामटेके 28 मार्च की सुबह अपने घर में मृत अवस्था में मिला। मर्ग जांच में पता चला कि राजू पाल, सोनिया गोस्वामी 1 लाख रुपये की मांग कर रहे थे। रकम को लेकर मोहन के घर फोन के माध्यम से प्रताड़ित करते थे। परेशान होकर मोहन ने आत्महत्या किया। फरार महिला सोनिया को पुलिस ने पकड़ लिया। महिला को उसके निवास ग्राम जेवरा सिरसा से पकड़ा गया है। गिरफ्तार कर महिला को न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस ने मोबाइल और कई दस्तावेज जब्त किया है। घटना स्मृति नगर चौकी का है।

### धारदार हथियार लेकर डराने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर लोगों को डराने धमकाने वाले को पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि खुर्सीपार निवासी प्रिंस कुमार सिंहसे पुरानी रंजिश के चलते आरोपीगण डॉ. राजेंद्र प्रसाद नगर, खुर्सीपार निवासी नागेश उर्फ तेजेश्वर राव, बी सागर के द्वारा हाथ-मुक्का से मारपीट की गई। पीड़ित को धारदार हथियार लेकर आरोपियों ने धमकाया भी है।

### चेनस्नेचिंग करने वाला युवक पुलिस गिरफ्त में

**भिलाई।** वृद्ध महिला से चेनस्नेचिंग करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि सेक्टर 6 निवासी रमीला वर्मा सड़क 17 से घर घर जा रही थी। तभी अचानक वृद्ध महिला के से सोने का मंगलसूत्र खींचकर युवक सेंट्रल एवेन्यू की ओर फरार हो गया। शिकायत पर भिलाई नगर पुलिस ने खोजबीन किया। आम नागरिकों के सहयोग से युवक को पकड़ा गया। आरोपी से पूछताछ करने पर अपना नाम संगम चौक खुर्सीपार निवासी हर्ष चंद्राकर बताया है। युवक के पास से पुलिस ने सोने का मंगलसूत्र बरामद किया गया है।

### टॉवर से कूदकर युवक ने दी जान

**नंदिनी अहिवारा।** युवक ने टावर से कूदकर अपनी जान देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि टाउनशिप में आत्महत्या करने की सूचना पुलिस को मिली। मौके पर पुलिस व फॉरेंसिक टीम पहुंची। शव का शिनाख्त सड़क नंबर 6, मकान नंबर 3 ए, टाउनशिप निवासी आकाश चंद्रीका 21 वर्ष के रुप में हुआ। जांच एवं पीएम करने वाले चिकित्सक ने मौत का कारण आत्महत्या बताया गया है। मृतक एक दिन पूर्व अपने घर के पास वाहन को दीवार से टकरा देने से वाहन क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसे लेकर मानसिक रूप से तनाव में था। परिजनों के बाहर रहने और संभावित डांट के भय से उसने उक्त कदम उठाया।

---

**विवाद**

### हनुमान जन्मोत्सव की शोभायात्रा में भीड़ के बीच हमला

# धार्मिक शोभायात्रा में हुई चाकूबाजी में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत, शहर में दहशत और आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

शहर में धार्मिक आस्था के माहौल को उस वक्त गहरा धक्का लगा, जब हनुमान जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा के दौरान चाकूबाजी की घटना में घायल हुए 22 वर्षीय युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस सनसनी खेज घटना ने न सिर्फ सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि आमजन में दहशत और गुस्से का माहौल भी पैदा कर दिया है। मृतक की पहचान अमन ध्रुव (22 वर्ष), पिता सुशील ध्रुव, निवासी वार्ड क्रमांक 16 के रूप में हुई है। हालांकि सिटी कोतवाली पुलिस का कहना है कि बिलासपुर से मर्ग डायरी मिलने के बाद ही प्रकरण में विधिवत अपराध पंजीबद्ध किया जाएगा, लेकिन प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। जानकारी के अनुसार 3 अप्रैल की रात हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित धार्मिक शोभायात्रा में अमन ध्रुव शामिल था। डीजे की धुन पर हजारों की भीड़ के साथ शोभायात्रा जब रात करीब 10:45 बजे प्रताप चौक क्षेत्र के पास पहुंची तभी भीड़ में शामिल किसी अज्ञात युवक ने अमन पर धारदार हथियार से कमर के ऊपर दाहिनी ओर वार कर दिया। भारी भीड़ और शोरगुल के बीच किसी को घटना का तत्काल अंदाजा नहीं हुआ। बाद में प्रत्यक्षदर्शियों ने फोन पर इसकी सूचना मृतक के बड़े भाई मनीष ध्रुव को दी।

### तीन दिन बाद बिगड़ी हालत, पुलिस को देर से सूचना, मर्ग डायरी के बाद हत्या का केस दर्ज होगा

**प्राथमिक इलाज के बाद घर ले गए, बिगड़ी हालत**

घटना की जानकारी मिलते ही मनीष ध्रुव मौके पर पहुंचे और घायल भाई को रायपुर मार्ग स्थित एक निजी अस्पताल ले गए, जहां प्राथमिक उपचार किया गया। डॉक्टरों ने आगे की जांच (सोनोग्राफी आदि) कराने की सलाह दी, लेकिन परिजन उसे घर ले आए। परिजनों के अनुसार 4 और 5 अप्रैल तक अमन की तबीयत सामान्य लग रही थी, लेकिन 5 अप्रैल की रात अचानक दर्द बढ़ गया। 6 अप्रैल की सुबह उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां जांच के बाद गंभीर आंतरिक चोट का पता चला और बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया।



**सिम्स बिलासपुर में मौत**

इसके बाद अमन को बिलासपुर स्थित सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां सोमवार रात करीब 10 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव को बेमेतरा लाया गया, जहां अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

**पुलिस को देर से सूचना, जांच पर असर**

मामले का सबसे गंभीर पहलू यह है कि घटना के बाद से लेकर इलाज के दौरान तक परिजनों द्वारा पुलिस को कोई सूचना नहीं दी गई। निजी अस्पताल में भी युवक को सड़क हादसे में घायल बताया गया। जिला अस्पताल पहुंचने पर भी एमएलसी नहीं कराई गई, जिससे जांच की प्रक्रिया प्रभावित हुई।0यही वजह रही कि घायल युवक का मृत्यु पूर्व बयान भी दर्ज नहीं हो सका। पिता के अनुसार अमन हमलावर को पहचान नहीं पाया था और केवल इतना बता सका कि भीड़ में किसी अज्ञात व्यक्ति ने हमला किया। मंगलवार को जब अमन की अंतिम यात्रा निकली, तो पूरे वार्ड में शोक की लहर दौड़ गई। जवान बेटे को खो चुकी मां का रो-रोकर बुरा हाल है। मोहल्लेवासियों और परिजनों ने घटना को लेकर गहरा आक्रोश जताते हुए पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द आरोपी की गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग की है।

**धार्मिक आयोजनों की सुरक्षा पर उठे सवाल**

धार्मिक शोभायात्रा जैसे बड़े आयोजनों में इस तरह की हिंसक घटना सामने आने से शहर की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। हजारों की भीड़ के बीच हुए इस हमले ने सुरक्षा इंतजामों की पोल खोल दी है। धार्मिक आस्था के नाम पर जुटने वाली भीड़ में इस तरह की वारदात न केवल सुरक्षा व्यवस्था की कमजोरी को उजागर करती है, बल्कि यह भी बताती है कि समय पर पुलिस को सूचना न देना कितनी बड़ी चूक साबित हो सकती है। इस घटना ने शहर में भय और आक्रोश दोनों का माहौल पैदा कर दिया है, और अब सभी की निगाहें पुलिस की कार्रवाई पर टिकी हैं। सिटी कोतवाली पुलिस के अनुसार फिलहाल मामला मर्ग के तहत दर्ज है। बिलासपुर से मर्ग डायरी प्राप्त होने के बाद ही हत्या का प्रकरण दर्ज किया जाएगा। पुलिस अब प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और प्रारंभिक इलाज करने वाले निजी अस्पताल के रिकॉर्ड की जांच कर सकती है।

## दो अलग-अलग सड़क हादसों में युवक व बुजुर्ग की मौत, क्षेत्र में शोक की लहर

**बेमेतरा।** जिले में रविवार को हुए दो दर्दनाक सड़क हादसों ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। एक ओर जहां तेज रफ्तार दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई, वहीं दूसरी ओर घर के सामने टहल रहे एक बुजुर्ग को मालवाहक वाहन ने कुचल दिया, जिससे उसकी भी जान चली गई। दोनों घटनाओं के बाद परिजनों में मातम पसरा हुआ है और गांवों में शोक की लहर है।जानकारी के अनुसार, जिले के ग्राम खम्हरिया डी के पास रविवार रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ। मृतक परस राम यादव अपनी मोटरसाइकिल से ग्राम नयापारा से अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह गांव के गौठान के पास पहुंचा, सामने से आ रही एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उसे सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि परस राम की मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए और वह सड़क पर गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा। सूचना मिलते ही मृतक का भाई पवन यादव ग्रामीणों देवेंद्र ध्रुव, गोपाल निषाद और नरेंद्र वर्मा के साथ मौके पर पहुंचा और गंभीर हालत में घायल परस राम को तत्काल जिला अस्पताल बेमेतरा पहुंचाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार युवक के सिर, कमर के बाएं हिस्से और दाहिने पैर में गंभीर अंदरूनी चोटें आई थीं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मरच्युरी में रखवा दिया। प्रार्थी पवन यादव की रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

**मालवाहक वाहन की ठोकर से बुजुर्ग की मौत:** दूसरी घटना बेरला थाना क्षेत्र के ग्राम सुरूजपुरा की है, जहां रविवार शाम अपने घर के सामने टहल रहे बुजुर्ग रामचंद साहू को तेज रफ्तार मालवाहक वाहन ने पीछे से ठोकर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल रामचंद साहू को परिजनों द्वारा तत्काल बेरला अस्पताल ले जाया गया, जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद शव को रात में मरच्युरी में रखा गया और सोमवार को पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी की गई। इस मामले में प्रार्थी उमेश कुमार साहू की रिपोर्ट पर बेरला थाना पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 एवं 106(1) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**लापरवाही और तेज रफ्तार बन रही जानलेवा:** जिले में लगातार बढ़ते सड़क हादसे चिंता का विषय बनते जा रहे हैं। दोनों ही घटनाओं में प्रथम दृष्टया तेज रफ्तार और लापरवाही सामने आई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सख्त यातायात नियमों के पालन और तेज रफ्तार वाहनों पर कार्रवाई की मांग की है, ताकि इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

---

**खाद विक्रय केंद्र में गड़बड़ी**

## गोदाम सील स्टॉक में अंतर मिलने पर कृषि विभाग की सख्त कार्रवाई





हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जिले में कृषि आदान सामग्री की पारदर्शी आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कृषि विभाग द्वारा लगातार निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 6 अप्रैल को विकासखंड बेमेतरा के ग्राम कुसमी स्थित मां शक्ति कृषि केंद्र में औचक निरीक्षण किया गया। सहायक संचालक कृषि डॉ. श्याम लाल साहू द्वारा किए गए निरीक्षण में पीओएस मशीन में दर्ज खाद स्टॉक और वास्तविक उपलब्ध स्टॉक के बीच अंतर पाया गया। इसे गंभीर अनियमितता मानते हुए संबंधित खाद गोदाम को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया तथा विक्रय केंद्र की गतिविधियों पर अस्थायी रोक लगा दी गई है।

■ विक्रय पर लगाई अस्थायी रोक

उप संचालक कृषि मोरध्वज डडसेना ने बताया कि जिले में उड़नदस्ता दल गठित किया गया है और शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए कंट्रोल रूम भी स्थापित है। सहकारी समितियों और निजी विक्रय केंद्रों की नियमित जांच की जा रही है। प्रकरण की विस्तृत जांच जारी है। दोषी पाए जाने पर संबंधित संचालक के खिलाफ उर्वरक नियंत्रण आदेश एवं प्रचलित नियमों के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

## अवैध मुरूम खनन पर कार्रवाई बीजागोड़ में जेसीबी और हाईवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| साजा

जिले में लंबे समय से सक्रिय खनन माफियाओं के खिलाफ प्रशासन ने अब सख्त रुख अपना लिया है। तहसीलदार के नेतृत्व में ग्राम बीजागोड़ में की गई औचक कार्रवाई के दौरान अवैध उत्खनन में लगी एक जेसीबी मशीन और मुरूम से लदी एक हाईवा को जब्त किया गया है। प्रशासनिक टीम को अचानक मौके पर देख खनन स्थल पर भगदड़ मच गई। कई आरोपी वाहन छोड़कर फरार हो गए।

जब्त वाहनों को साजा थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है और संबंधितों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। बीजागोड़ क्षेत्र में बिना अनुमति के चल रहे इस अवैध कारोबार से शासन को भारी राजस्व हानि के साथ-साथ पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा था।



### प्रशासन की चेतावनी

राजस्व अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अवैध उत्खनन में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। आने वाले दिनों में जिले के अन्य संवेदनशील इलाकों में भी इसी तरह की आकस्मिक दबिश दी जाएगी ताकि अवैध खनन के नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त किया जा सके। फिलहाल, यह देखना बेहद अहम होगा कि प्रशासन इस चुनौती से कैसे निपटता है और क्या वाकई मुरूम माफियाओं के खिलाफ दूसरी बड़ी कार्रवाई सामने आती है या नहीं।

**बिरनपुर-चेचानमेटा क्षेत्र पर उठे सवाल**



बीजागोड़ में हुई इस सफल कार्रवाई के बाद अब ग्रामीणों की नजरें बिरनपुर और चेचानमेटा क्षेत्र पर टिकी हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इन क्षेत्रों में भी बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन जारी है, लेकिन विभागीय अधिकारियों के पहुंचने से पहले ही माफियाओं को सूचना मिल जाती है और वे वाहन हटा लेते हैं।

## समाधान योजना 2026 ने पकड़ी रफ्तार: एक दिन में 152 पंजीयन, वसूली भी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवागढ़

बेमेतरा संभाग के अंतर्गत समाधान योजना 2026 अब असर दिखाने लगी है। लगातार चल रहे जागरूकता अभियान के बीच आज उपसंभाग नवागढ़ के सभी पांच वितरण केंद्रों नवागढ़, अंधियारखोर, संबलपुर, नांदघाट एवं मारो में व्यापक स्तर पर पंजीयन कार्य किया गया। अभियान के तहत एक ही दिन में 152 उपभोक्ताओं ने पंजीयन कराया, जिससे यह स्पष्ट हो गया है कि योजना अब गांव-गांव तक पहुंच रही है और लोग इसका लाभ लेने के लिए आगे आ रहे हैं।

### डोर-टू-डोर अभियान से बढ़ी भागीदारी

विभागीय टीम ने घर-घर पहुंचकर उपभोक्ताओं को योजना की जानकारी दी और मौके पर ही पंजीयन कराकर प्रक्रिया को आसान बनाया। यही वजह रही कि पंजीयन की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी देखने को मिली। अभियान के दौरान केवल पंजीयन ही नहीं, बल्कि 05 उपभोक्ताओं से 16,340 रुपये की वसूली भी की गई। यह संकेत है कि उपभोक्ता अब बकाया राशि के समाधान के लिए आगे आ रहे हैं।

**अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी**

अभियान को सफल बनाने में अधिकारियों की सक्रिय भूमिका रही नवागढ़ एवं अंधियारखोर: कनिष्ठ अभियंता मोहन दास बैरागी, संबलपुर: अनिल चंद्राकर, नांदघाट एवं मारो: हरिश फरवी एवं मार्गदर्शन: सहायक अभियंता नवीन वर्मा और इसके साथ ही कार्यपालन अभियंता के.के. श्रीवास ने क्षेत्र का निरीक्षण कर उपभोक्ताओं से सीधे संवाद किया और योजना के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन दिया, जिससे अभियान को और गति मिली।

**योजना बन रही भरोसे का माध्यम**

समाधान योजना 2026 के माध्यम से उपभोक्ताओं को बकाया बिजली बिल में राहत मिल रही है, जिससे वे आसानी से भुगतान कर नियमित विद्युत सेवा का लाभ उठा पा रहे हैं। विभाग ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और समय रहते पंजीयन कराकर छूट का फायदा लें। लगातार बढ़ते पंजीयन और शुरू हुई वसूली से साफ अब समाधान योजना बन रही है बकाया से राहत की मजबूत राह।

---

**विधायक दीपेश कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हुए शामिल**

## नपं बेरला में 1 करोड़ 21 लाख के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा/बेरला

नगर पंचायत बेरला में विभिन्न मदों से स्वीकृत विकास कार्यों के भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत द्वारा किया गया, जिसमें क्षेत्रीय विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष विशाल राज देशलहरा ने किया।

कार्यक्रम की शुरुवात विधायक दीपेश साहू ने शीतला माता मंदिर मे पूजा कर आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्रवासियों के शुभकामनायें के साथ की 1 तत्पश्चात विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर कुल 1 करोड़ 21 लाख रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। जिसके अंतर्गत 15 प्रमुख कार्यों के लिए 1 करोड़ 21 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इन कार्यों में वार्ड क्रमांक 08 में शीतला तालाब महतारी घाट निर्माण, वार्ड क्रमांक 07 नवा तरिया महतारी घाट निर्माण, वार्ड क्रमांक 03/13 खरगा तालाब महतारी घाट निर्माण, वार्ड क्रमांक 03 में शनि मंदिर के पास मुक्तिधाम प्रतिक्षालय निर्माण, वार्ड क्रमांक 10 मड़ई मैदान कृष्णा मंदिर के पास हाट बाजार निर्माण, वार्ड क्रमांक 13 में सीसी रोड टॉप लेयर कार्य, वार्ड क्रमांक 7/8 सतनामी मोहल्ला में सीसी रोड टॉप लेयर, वार्ड क्रमांक 07 नवा तरिया से शिव मंदिर तक सीसी रोड निर्माण, वार्ड क्रमांक 10 में शिव मंदिर एवं कृष्ण मंदिर के आसपास सीसी रोड निर्माण, वार्ड क्रमांक 06 में विभिन्न स्थलों पर सीसी रोड निर्माण तथा वार्ड क्रमांक 09 में जय स्तंभ के पास हाईमास्क इसके अलावा नगर पंचायत के 4 विभिन्न स्थलों पर हाई मास्क लाइट की स्थापना जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं।

इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने नगर पंचायत प्रतिनिधियों एवं पार्षदों की मांग पर शीतला मंदिर में ज्योति कक्ष एवं अतिरिक्त कक्षा निर्माण हेतु 10 लाख रुपये की घोषणा की, साथ ही एक सुलभ शौचालय निर्माण की भी घोषणा की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा कि बेरला नगर पंचायत क्षेत्र के समग्र विकास के लिए वे निरंतर प्रतिबद्ध हैं और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अधोसंरचना के इन कार्यों से नगर के विभिन्न वार्डों में सड़क, तालाब, घाट, प्रकाश व्यवस्था एवं सार्वजनिक सुविधाओं का विस्तार होगा, जिससे आमजन को सीधा लाभ मिलेगा और क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। विधायक साहू ने कहा कि प्रदेश की सरकार और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में ग्रामीण एवं शहरी विकास को प्राथमिकता दी जा रही है, और बेरला भी विकास के इस क्रम में तेजी से आगे बढ़ रहा है। अपने संबोधन के अंत में विधायक ने नगर पंचायत वासियों से स्वच्छता बनाए रखने की विशेष अपील की।

**ये रहे उपस्थित**

कार्यक्रम मे विधायक प्रतिनिधि अमृत लाल महेशवरी ,नगर पंचायत उपाध्यक्ष संतोष साहू, मण्डल अध्यक्ष डोमेन्द्र राजपूत ,शिवझड़ी सिन्हा मानक चतुर्वेदी यतिद्ध द्विवेदी कन्हैया सेन बलराम साहू बलराम सिवारे उमा अनंत बलराम यादव मथुरा साहू पोखराज सोनी राजेश दुबे जयप्रकाश बघेल लेखराम साहू खेमराज साहू अजित कुमार वर्मा सीएमओ सचिन गुप्ता सब इंजिनियर शशि प्रताप सहित नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि,अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

WE ARE HIRING
Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER
Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.
Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years
Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records
How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026
हरिभूमि inh. Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

# नालंदा परिसर के काम की रफ्तार धीमी, निगम आयुक्त ने लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

सोमवार की सुबह आयुक्त सुमित अग्रवाल ने निगम क्षेत्र में जारी कामों का निरीक्षण किया। वे सुबह 8 बजे शहर के विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी लेने निकले। उन्होंने आईटी पार्क, नालंदा परिसर एवं सिविल लाइन क्षेत्र में चल रहे पेवर ब्लॉक कार्यों का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उप अभियंता एवं संबंधित ठेकेदार उपस्थित रहे। आयुक्त ने सभी स्थलों पर कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता एवं समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय में पूर्ण किए जाएं, ताकि नागरिकों को जल्द से जल्द बेहतर सुविधाएं मिल सकें। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि नगर विकास से जुड़े सभी कार्यों में गुणवत्ता एवं समय-सीमा का पालन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नियमित रूप से कार्यों की मॉनिटरिंग करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें

## आईटी पार्क के कैम्प कार्यालय के रिनोवेशन का काम 15 दिन में पूरा करने के निर्देश, आईआईटी को किया जाना है हैंडओवर

### आईटी पार्क के कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

आईटी पार्क का निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने शेष बचे कार्यों को प्राथमिकता के साथ तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदार को निर्देशित किया कि 15 दिनों के भीतर कार्य पूर्ण कर आईआईटी भिलाई को हस्तांतरित किया जाए। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की सख्त हिदायत दी।



### नालंदा परिसर में कार्यों की गति बढ़ाने के निर्देश

नालंदा परिसर निर्माण स्थल का निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण किया जाए, जिससे परियोजना का लाभ आम नागरिकों को शीघ्र मिल सके।

### सिविल लाइन में पेवर ब्लॉक कार्य पर जताई नाराजगी

सिविल लाइन क्षेत्र में चल रहे पेवर ब्लॉक कार्य का निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने कार्य की प्रगति असंतोषजनक पाए जाने पर ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही, गुणवत्ता में सुधार करते हुए शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस के हर पदाधिकारी की बनेगी परफॉर्मेंस रिपोर्ट

**दुर्ग।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर पदाधिकारियों की वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्देश दिए गए कि पार्टी के हर पदाधिकारी की परफॉर्मेंस रिपोर्ट तैयार की जाए। ग्रामीण जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर बताया कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए यह बैठक हुई। संगठन महामंत्री राजीव गुप्ता ने इस दौरान कहा कि जिम्मेदार पदाधिकारी को अपनी कार्यप्रणाली एवं परफॉर्मेंस रिपोर्ट प्रस्तुत करनी पड़ रही है, जिससे संगठन में पारदर्शिता बढ़ रही है तथा कार्यों में गति आ रही है। कोषाध्यक्ष श्री विक्रांत अग्रवाल ने संगठनात्मक कार्यों में समन्वय, जवाबदेही एवं सक्रियता पर जोर देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। राकेश ठाकुर द्वारा प्रत्येक पदाधिकारी से वन-टू-वन चर्चा करते हुए संगठनात्मक गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की जा रही है। इस दौरान उन्होंने बूथ स्तर तक की समस्याओं को भी गंभीरता से सुनकर उनके समाधान हेतु आवश्यक पहल करने के निर्देश दिए।

### अब एमएसएमई एंसिलरी को मिलेगा 10 लाख तक का काम

**भिलाई।** एमएसएमई जिला उद्योग संग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंदर सिंह खुराना ने भिलाई स्टील प्लांट की मैनेजमेंट का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि सहायक उद्योगों के बीच में इंक्वायरीज़ को 7 लाख से बढ़ाकर 12 लाख रुपए करने की मांग की गई थी। बीएसपी मैनेजमेंट ने उसे 10 लाख रुपए कर दिया जिससे एमएसएमई एंसिलरीज़ को राहत मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ इंक्वायरी में प्रीवियस सप्लायर के नाम पर इंक्वायरी के नाम पर बाहरी उद्योग को डाला जाता है। इससे एमएसएमई एंसीलरी को जो लाभ मिलना चाहिए वो नहीं मिल पाता। प्रीवियस सप्लायर को शामिल ना किया जाए। खुराना ने केके झा का आभार जताया है।



### बीआरएम ने किया दस हजार टन डिस्पैच

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की बार एवं रॉड मिल (बीआरएम) ने वित्तीय वर्ष में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 10,56,373 टन उत्पादन कर 10,59,905 टन डिस्पैच का कीर्तिमान स्थापित किया। स्पेसिफिक हीट एवं पावर खपत, स्पेसिफिक रोल खपत, टोटल यील्ड, मिल यूटिलाइजेशन, हॉट-अवर तथा मिल उपलब्धता आदि मानकों में अब तक के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े प्राप्त किए गए। डायरेक्टर इंचार्ज व सभी कार्यपालक निदेशकों ने हौसला बढ़ाया है।

## जमीन का मुआवजा वर्गफुट की बजाए हेक्टेयर में दिए जाने को लेकर जारी है गतिरोध

# रेलवे परियोजना को लेकर गांवों में तनाव, पुरई में 4 किसानों को हिरासत में लेने के बाद फूटा आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

खरसिया-परमालकसा रेलवे परियोजना के अंतर्गत दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के प्रभावित गांवों में प्रशासन ने सर्वे का काम शुरू कर दिया है। इधर ग्रामीणों का विरोध लगातार जारी है। उनकी मांग है कि मुआवजा हेक्टेयर के बजाए वर्गफुट में दिया जाए। विरोध के बावजूद सोमवार की सुबह प्रशासन की टीम सर्वे के लिए मौके पर पहुंच गई, जैसे मार्किंग का काम शुरू किया गया, ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारी हरवंश मिरी, तहसीलदार क्षमा युद और वसुमित्र दीवान के सामने आपत्ति जताई। तस्वीर लेने के दौरान पुलिस ने ग्रामीणों को रोका। इतना ही नहीं मीडिया से चर्चा के दौरान भी आपत्ति की गई। इसके बाद प्रशासन के निर्देश पर पुलिस ने अमित कुमार साहू पुरई, गोपेश्वर साहू पाऊवारा, धनऊ कोसरे पुरई एवं पुनाराम देवांगन को हिरासत में ले लिया। उन्हें मौके से हटाकर अन्यत्र भेज दिया गया। इसके बाद गांव में तनाव की स्थिति निर्मित हुई। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर सहित अन्य मौके पर पहुंच गए। बाद में उन्होंने कलेक्ट्रेट पहुंचकर इस पूरे मामले में शिकायत की। तनाव बढ़ता देख बाद में चारों ग्रामीणों को छोड़ दिया गया। शाम को ग्रामीणों ने प्रशासनिक हठधर्मिता के खिलाफ फिर बैठक की। साथ ही उग्र आंदोलन की रणनीति तैयार की।

## कांग्रेस भी मोर्चे पर डटे रहे, कलेक्टर से की शिकायत



### ग्रामीणों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर कांग्रेस ने सौंपा 10 सूत्रीय मांगपत्र

खेतों में शुरू किए गए सर्वे के विरोध में सोमवार को कांग्रेस के कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान ग्रामीण भी मौजूद थे। सर्वे के दौरान प्रभावित किसान शांतिपूर्ण तरीके से अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए अपनी मांगों एवं समस्याओं को प्रशासन और मीडिया के समक्ष रख रहे थे। किसानों ने बताया कि वे लंबे समय से अपनी 10 सूत्रीय मांगों, विशेषकर भूमि के बदले चार गुना मुआवजे की मांग को लेकर प्रयासरत हैं और इस संबंध में स्पष्ट एवं सकारात्मक निर्णय की अपेक्षा रखते हैं। प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर अभिजीत सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल से मुलाकात कर वस्तुस्थिति से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने किसानों की मांगों, उनकी भावनाओं एवं उत्पन्न परिस्थिति को गंभीरता से रखते हुए समाधान हेतु सकारात्मक हस्तक्षेप का आग्रह किया। इसके बाद ग्रामीणों को छोड़ा गया। इस दौरान जामवंत गजपाल, राकेश हिरवानी, उत्तरा कोसरे, नासिर खोखर आदि मौजूद थे।

### सर्वे प्रक्रिया में अनियमितता और एकपक्षीय कार्रवाई का लगाया आरोप

पुरई के किसानों ने वर्तमान में चल रहे भूमि सर्वे की प्रक्रिया पर गहरी आपत्ति जताई है। किसानों का आरोप है कि प्रशासन उनके हितों को ताक पर रखकर एकपक्षीय कार्यवाही कर रहा है और उनकी लिखित आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। पुरई के किसानों ने स्पष्ट किया है कि वे क्षेत्र के विकास के विरोधी नहीं हैं, लेकिन सर्वे के नाम पर अपनाए जा रहे तरीकों से असंतुष्ट हैं। किसानों का कहना है कि पूर्व में दी गई लिखित आपत्तियों पर अब तक कोई प्रशासनिक कार्यवाही या संतोषजनक जवाब नहीं मिला है। नायब तहसीलदार द्वारा रविवार के दिन सभा बुलाना संदेहास्पद है, जिसके लिए कोई ठोस लिखित आदेश किसानों के सामने प्रस्तुत नहीं किया गया है। सर्वे का आधार और भविष्य की योजना को लेकर पारदर्शिता का अभाव है। प्रभावित किसानों ने इस संबंध मेंमुख्य सचिव, जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। किसानों का कहना है कि जब तक उनकी शिकायतों का निराकरण नहीं हो जाता, तब तक सर्वे या अधिग्रहण संबंधी किसी भी कार्य पर रोक लगाई जाए। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी लोकतांत्रिक मांगों को नजरअंदाज किया गया और जबरन एकपक्षीय कार्यवाही जारी रही, तो उन्हें आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।



# सर्व ब्राह्मण समाज ने जारी की पदाधिकारियों की प्रथम सूची, सामाजिक सक्रियता तेज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

सर्व ब्राह्मण समाज के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष डॉ. शिरीष शर्मा के नेतृत्व में जिले में सामाजिक गतिविधियों ने तेज रफ्तार पकड़ ली है। इसी क्रम में नए बस स्टैंड स्थित एक एकेडमी में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में जिला, ब्लॉक व प्रदेश पदाधिकारियों की प्रथम सूची जारी की गई। यह घोषणा राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्र के निर्देश तथा राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी और उप-प्रांताध्यक्ष लेखमनी पांडे की सहमति से की गई। प्रदेश सचिव के रूप में सुरेंद्र तिवारी, पं. ओमप्रकाश जोशी, मूलचंद शर्मा, राजेंद्र शर्मा और विकासधर दीवान को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं संभागीय स्तर पर सूर्यप्रकाश शर्मा को दुर्ग संभाग महासचिव तथा डॉ. आर.पी. शर्मा व डॉ. सतीश शर्मा को सचिव नियुक्त किया गया है। जिले की कार्यकारिणी में अशोक शर्मा, अतुल शर्मा व किशोर दुबे को उपाध्यक्ष बनाया गया है। प्रदीप दूबे, संजीव तिवारी व डॉ. शिवेंद्र त्रिपाठी को महासचिव की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा धनंजय धर दीवान, के.एल. चौबे और दिनेश दूबे सहित कई वरिष्ठ जनों को विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

■ डॉ. शिरीष शर्मा के नेतृत्व में तेज हुई सामाजिक गतिविधियां

### जमीनी स्तर पर संगठन मजबूत करने पर जोर

संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से सचिव पद पर विनोद बाजपेई, विनोद दूबे, जगन्नाथ शर्मा सहित 20 सक्रिय सदस्यों की नियुक्ति की गई है। सह-सचिव व संगठन सचिव के रूप में क्रमशः गिरीश कुमार शर्मा और अश्वनी तिवारी कार्य करेंगे। ब्लॉक स्तर पर राजेश दूबे (बेरला), भावेश शर्मा (बेमेतरा) और विनोद शर्मा (साजा) को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि अजय पांडे को बेरला तहसील अध्यक्ष बनाया गया है। युवा मंच की कमान पं. कान्हा तिवारी को सौंपी गई है। वहीं महिला मंच में श्रीमती शिल्पी मिश्र को बेमेतरा शहर अध्यक्ष और डॉ. चेतना मिश्रा को जिला महासचिव बनाया गया है। पुरोहित मंच के लिए पंडित भेशज शुक्ला को बेमेतरा ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बैठक में सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने ब्राह्मण समाज की एकता, संगठन विस्तार और सामाजिक उत्थान के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

# सेवानिवृत्त अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ डीआईजी रामकृष्ण की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू ने अपने कार्यालय में जिले के सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस अवसर पर उपस्थित सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर डीआईजी का आत्मीय स्वागत किया।

■ पेंशन, स्वास्थ्य और समस्याओं पर खुलकर हुई चर्चा

बैठक के दौरान डीआईजी रामकृष्ण साहू ने सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से क्रमवार परिचय प्राप्त किया तथा उनके स्वास्थ्य और पारिवारिक स्थिति के संबंध में जानकारी लेते हुए हालचाल जाना। उन्होंने यह भी पूछा कि उन्हें किसी प्रकार की कोई समस्या या परेशानी तो नहीं है। साथ ही आश्वस्त किया कि किसी भी समस्या की स्थिति में वे सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं। बैठक में पेंशन से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की गई। डीआईजी ने जानकारी ली कि सभी को समय पर पेंशन मिल रही है या नहीं। इस दौरान सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। डीआईजी रामकृष्ण साहू ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया और सेवा काल में उनके योगदान की सराहना की।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव, एसडीओपी बेमेतरा भूषण एक्का, डीएसपी कौशिल्या साहू, डीएसपी शशिकला उइके सहित सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष के.पी. तिवारी, उपाध्यक्ष शंकर लाल शर्मा, नारायण प्रसाद साहू, कुंजीलाल दुबे, विनोद कुमार शर्मा, तहसील अध्यक्ष जनकराम साहू, उमाशंकर साहू, मोसीबन गोस्वामी, लाल सिंह ठाकुर, रोमन लाल जायसवाल, मनहरण लाल माली, कृपाशंकर दुबे, नूतन प्रसाद शर्मा, थानूराम यादव सहित अन्य पेंशनधारी सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बीएसपी में हादसे रोकने और श्रमिकों की सुरक्षा पर दें ध्यान

**भिलाई।** भिलाई कर्मचारी यूनियन ने भिलाई इस्पात संयंत्र में बढ़ रही दुर्घटनाओं व ठेका श्रमिकों की मौत पर चिंता जताई है। यूनियन ने शुक्रवार को ठेका मजदूर की मौत के की जांच व सुरक्षा पर ध्यान देने की मांग प्रबंधन से की है। यूनियन की हुई बैठक में पदाधिकारियों ने कहा किउच्च प्रबंधन अपनी ओर से लगातार सुरक्षित कार्य पर जोर दे रहा है इसके बाद भी हादसे बढ़ रहे हैं। ठेकेदारों व अधिकारियों की लापरवाही की जांच होना चाहिए। क्या ब्लास्ट फर्नेस में खोम लाल वर्मा जब 30 फीट की हाइट पर काम करने जा रहा था तो क्या उसे फुल बॉडी हार्नेस दिया गया था। उसे काम के लिए भेजने वाले अधिकारी या सुपरवाइजर ने उसे वहां जोखिम की जानकारी दी थी। क्या इलेक्ट्रिकल शटडाउन लिया गया था। बैठक में यूनियन ने दुर्घटनाएं रोकने के लिए नियमित कर्मचारियों की भर्ती करने, सिर्फ नियमित से ही क्रेन चलवाने, केबिन में सिर्फ बाकी टाकी का इस्तेमाल होने व क्रेन ऑपरेटर का मेडिकल चेकअप हर 6 महीने में आंख कान का मेडिकल चेकअप की करवाने की मांग की गई। बैठक में अध्यक्ष राजेश चौहान, महामंत्री अशोक कुमार माहौर व कार्यकारी अध्यक्ष आनंद पांडेय सहित निवास मिश्रा कोषाध्यक्ष प्रवीण मार्दीकर उपाध्यक्ष अवधेश पांडेय आदि उपस्थित थे।



# बेमेतरा में आज 3.76 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन, शाम को 'चिनहारी' सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

नगर के समग्र विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से आज बेमेतरा शहर में विभिन्न निर्माण एवं अधोसंरचना विकास कार्यों का भव्य भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान लगभग 3 करोड़ 76 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत योजनाओं का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत दुर्ग रोड स्थित नाला निर्माण कार्य, जिसकी अनुमानित लागत करीब 2 करोड़ रुपये है, का भूमिपूजन किया जाएगा। इसके अलावा अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की भी शुरुआत होगी, जिससे नगर की मूलभूत सुविधाओं में व्यापक सुधार होने की उम्मीद है। इस अवसर पर बेमेतरा विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और विधिवत रूप से भूमिपूजन करेंगे। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, मंडल अध्यक्ष युगल देवांगन सहित नगर के जनप्रतिनिधि, पार्षदगण एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। यह कार्यक्रम सिगौरी नवधा चौक में आज शाम 5 बजे आयोजित होगा। कार्यक्रम के बाद उपस्थित जनसमूह के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम 'चिनहारी' का आयोजन भी किया गया है, जो आकर्षण का केंद्र रहेगा।

■ दुर्ग रोड नाला निर्माण सहित कई अधोसंरचना कार्यों की शुरुआत, जनप्रतिनिधियों की रहेगी मौजूदगी

स्थानीय नागरिकों में इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है और बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है। यह पहल नगर के विकास को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## भिलाई-चरोदा में सफाई सिस्टम सुधार के लिए करोड़ों का प्लान

# संसाधनों की कमी से वार्डों में सफाई व्यवस्था प्रभावित, खरीदी प्रक्रिया की शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

भिलाई-चरोदा नगर निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था इन दिनों गंभीर संकट से गुजर रही है। संसाधनों की भारी कमी के कारण शहर के 40 वार्डों में कचरा उठाने का काम प्रभावित हो रहा है, जिससे आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई इलाकों में नियमित सफाई नहीं होने से गंदगी का अंबार लगने लगा है।

जानकारी के मुताबिक, नगर निगम के पास कचरा उठाने के लिए उपलब्ध 17 रिक्शा खराब हालत में पड़े हुए हैं, जिससे डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन लगभग ठप हो गया है। वहीं, पूरे निगम क्षेत्र में महज तीन टिप्पर के भरोसे कचरा उठाने का काम किया जा रहा है। इतने सीमित संसाधनों के साथ 40 वार्डों में नियमित सफाई बनाए रखना निगम के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। सिर्फ कचरा परिवहन ही नहीं, बल्कि सफाई से जुड़े अन्य संसाधनों की भी कमी सामने आ रही है। पर्याप्त संख्या में उपकरण और वाहन नहीं होने से सफाई कर्मचारियों को काम करने में कठिनाई हो रही है, जिसका सीधा असर शहर की स्वच्छता पर पड़ रहा है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए निगम आयुक्त ने जरूरी संसाधनों की खरीदी के लिए आदेश जारी कर दिए हैं। इसके तहत नए रिक्शा, वाहन और अन्य उपकरण खरीदे जाने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है, ताकि सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाया जा सके। आयुक्त का कहना है कि जल्द ही नए संसाधन उपलब्ध होने के बाद सफाई व्यवस्था में सुधार देखने को मिलेगा। हालांकि, तब तक शहरवासियों को गंदगी और अव्यवस्था से जूझना पड़ सकता है।




### सामान खरीदने दिए गए निर्देश

सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने लगातार प्रयास किया जा रहा है। सास्थ्य विभाग में संसाधनों की कमी न हो इसलिए नए सामानों की खरीदी के निर्देश दिए गए है। मेरे द्वारा स्वयं वार्डों का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया जा रहा है।

**डीएस राजपूत,** आयुक्त नगर निगम भिलाई-चरोदा

### शहर की सफाई के लिए नया रोडमैप कई योजनाओं पर करोड़ों खर्च

भिलाई-चरोदा निगम क्षेत्र में बिगड़ती सफाई व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए नगर निगम ने बड़े स्तर पर खर्च की तैयारी की है। गत दिनों पारित बजट के अनुसार पर्याप्त सफाई कर्मचारियों की कमी को देखते हुए अब सफाई का ठेका देने के लिए करीब 1 करोड़ 80 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। सीवरलाइन निर्माण और मरम्मत के लिए 1 करोड़ रुपए अलग से रखे गए हैं। वहीं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को मजबूत करने के लिए कंपोस्ट प्लांट निर्माण पर करीब 4 करोड़ 85 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जरूरी उपकरण और सामग्री की खरीदी पर भी 4 करोड़ 50 लाख रुपए का बजट तय किया गया है। इसके अलावा शहर में 6 नए एसएलआरएम सेंटर बनाए जाएंगे, जिन पर करीब 1 करोड़ 65 लाख रुपए खर्च होंगे। ये सेंटर मोरिद, समता कॉलोनी, हथखोज और दादर जैसे इलाकों में विकसित किए जाएंगे। साथ ही कचरा प्रबंधन को और मजबूत करने के लिए वार्ड 4 जरवाय समेत अन्य एसएलआरएम सेंटर के उन्नयन पर भी करीब 4 करोड़ रुपए खर्च करने की योजना है।

# रकम दोगुना करने और लोन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी, महिला गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

लोन दिलाने और रकम दोगुना करने का झांसा देकर ठगी करने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना पदमनाभपुर पुलिस थाना क्षेत्र की घटना है। पुलिस ने बताया कि रायपुर नाका, पद्मनाभपुर निवासी आरोपी लक्ष्मी टाण्डी पीड़ित सारपल्ली भास्कर को 6 माह में रकम दोगुना करने का झांसा दिया। लालच में 3 लाख रुपये नगद, 7 लाख रुपये विभिन्न खातों में ऑनलाइन आरोपी ने ट्रांसफर करवाया। शिकायत पुलिस से होने के बाद महिला लक्ष्मी को पकड़ा गया। दुर्ग पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि किसी भी प्रकार के लालच, निवेश या लोन के नाम पर अज्ञात व्यक्तियों के झांसे में न आएं। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी पुलिस को दें।

## लापरवाही : तेजी से सूख रहा गांव का निस्तारी तालाब, ग्रामीणों में चिंता

# बोर नहीं, तालाब सूखने की कगार पर, गर्मी में गहराएगा जल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत कोलेगांव में स्थित दो बड़े तालाब पानी के अभाव में सूखने की कगार पर पहुंच गए हैं। करीब दस-दस एकड़ में फैले ये दोनों तालाब वर्षों पुराने हैं, जिनका निर्माण बुजुर्गों के समय में हुआ था और आज तक पूरे गांव के निस्तार का प्रमुख साधन बने हुए हैं। ग्रामीणों के अनुसार इन तालाबों से गांव के सुख-दुख के सभी कार्य जुड़े रहे हैं, लेकिन वर्तमान में देखरेख के अभाव में इनकी स्थिति चिंताजनक हो गई है। हर वर्ष बरसात के दौरान नहर के माध्यम से तालाबों को भरा जाता है, लेकिन इसके अलावा पानी की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं होने से गर्मी शुरू होते ही जलस्तर तेजी से गिरने लगता है। मार्च माह में ही तालाबों का यह हाल होने से आने वाले समय में इनके पूरी तरह सूखने की आशंका जताई जा रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में एक हैंडपंप बोर के माध्यम से मोटर लगाकर तालाब में पानी भरा जाता था, जिससे पानी की समस्या काफी हद तक नियंत्रित रहती थी। वर्तमान में वह बोर भी बंद पड़ा है और उसकी कोई देखरेख नहीं हो रही है, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई है। ग्रामवासियों का कहना है कि पंचायत को 16वें वित्त आयोग एवं मूलभूत मद के तहत पर्याप्त राशि प्राप्त होती है, जिसका उपयोग ऐसी आवश्यक सुविधाओं के लिए किया जाना चाहिए। इसके बावजूद अब तक तालाब में नए बोर खनन या पुराने बोर के सुधार की दिशा में कोई पहल नहीं की गई है।

### गर्मी को देखते हुए तालाब में बोर खनन की मांग



जिस पर ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि गर्मी को देखते हुए तत्काल तालाब में बोर खनन कराया जाए अथवा पुराने बोर में मोटर स्थापित कर उसे चालू किया जाए, ताकि तालाब में पानी बना रहे और गांव की निस्तारी व्यवस्था प्रभावित न हो। बताया जाता है कि अभी से ही तालाबों का यह हाल होने से आने वाले समय में इनके पूरी तरह सूखने की आशंका जताई जा रही है।

# नेऊर में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का भव्य शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुई कुकदूर

कुकदुर तहसील के ग्राम नेऊर स्थित पूर्व माध्यमिक शाला परिषर में 06 से 14 अप्रैल 2026 तक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताहिक का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम ग्रामवासियों के सहयोग एवं भगवान श्री कृष्णचंद्र और राधारानी की कृपा से आयोजित हो रहा है। कथा का वाचन कथाव्यास पं राजू महाराज राधानिकुंज सरईपतेरा, लोरमी द्वारा किया जा रहा है, वहीं आचार्य के रूप में पं सतीष उपाध्याय श्रीधाम वृंदावन उत्तर प्रदेश के मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। इस आयोजन के संरक्षक के रूप में पंडरिया विधानसभा की विधायक श्रीमती भावना बोहरा का संरक्षण प्राप्त है। कार्यक्रम के संयोजक श्रीमती पार्वती एवं विष्णु सुनहले (सरपंच) तथा भूपेन्द्र एवं भुनेश्वरी सुनहले हैं, जबकि संचालन की जिम्मेदारी अशोक कुमार वैष्णव द्वारा किया जा रहा है। वहीं श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन को लेकर समस्त ग्रामवासियों व क्षेत्रवासी श्रद्धालुओं में भक्तिमय का माहौल बनी हुई है। कथा वाचक द्वारा यह धार्मिक आयोजन प्रतिदिन दोपहर 03:00 बजे से प्रभु कृपा तक चलेगा। जिस पर स्वजनों एवं नागरिकों से अपील कर सहपरिवार उपस्थित होकर कथा श्रवण का लाभ लें और अपने जीवन को धन्य बनाएं।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरिया में एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

**हरिभूमि कवर्धा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरिया में एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। यह टीकाकरण अभियान किशोरी बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया। अभियान के प्रथम दिवस पर कुल 05 बालिकाओं को एचपीवी का टीका लगाया गया। टीकाकरण उपरांत सभी लाभार्थियों की जानकारी यूवीन पोर्टल में सफलतापूर्वक दर्ज की गई। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ विनोद चंद्रवंशी द्वारा सभी टीकाकृत बालिकाओं को टीकाकरण प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा अभिभावकों को इस टीके के महत्व के संबंध में जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशानुसार यह टीकाकरण जिला चिकित्सालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में रविवार एवं अवकाश दिवस को छोड़कर प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाएं पात्र हैं। बालिकाओं को अपने अभिभावक के साथ आधार कार्ड-जन्म प्रमाण पत्र लेकर उपस्थित होने तथा टीकाकरण से पूर्व भोजन करने की सलाह दी गई है।

### खबर संक्षेप



#### ध्वज हमारे संकल्प का प्रतीकः नितेश अग्रवाल

**हरिभूमि कवर्धा।** भाजपा के स्थापना दिवस पर पार्टी के जिला महामंत्री नितेश अग्रवाल ने अपने निवास पर ध्वजारोहण किया। उन्होंने कहा कि 6 अप्रैल 1980 से अनवरत यह यात्रा राष्ट्र सर्वोपरि के संकल्प के साथ चल रही है, अटल से लेकर नितीन नवीन तक पार्टी अपनी प्रतिबद्धता के लिए जानी जाती है, इन 46 वर्षो में विश्व की सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में पार्टी ने पहचान बनाई। केन्द्र एवं अनेकों राज्यों में सरकार है धारा 370 , राम मंदिर, जैसे संकल्पों को पूरा किया गया एवं सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मूल मंत्र को अंगीकार करते हुए, सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी है भारतीय संस्कृति एवं सनातन धर्म के सरंक्षण एवं पुनर्जागरण कर भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने संकल्पित है। भाजपा राष्ट्रवाद एवं एकात्म मानववाद के अंत्योदय को मानव सेवा मानते हुए सर्वजन हितेषी योजनाएं लाकर सबके उत्थान के लिए प्रयासरत है। महामंत्री नितेश अग्रवाल ने कहा कि पार्टी को शून्य से शिखर पर पहुंचाने के लिए पूर्वज नेताओं एवं असंख्य कार्यकताओं के परिश्रम, निष्ठा, समर्पण, के कारण यह संभव हो पाया है।

# गौमाता दुःखी है इसलिए सब दुःखी हैं, गौमाता सुखी होगी तो देश सुखी होगाः ज्योतिर्मयानंद महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



सहसपुर लोहारा से पूर्व बिरनपुर कला में भव्य विशाल शोभायात्रा के बाद पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश और अरणि मंथन के साथ गौ-प्रतिष्ठा महायज्ञ और श्रीशिव महापुराण का पावन शुभारंभ हुआ है। इस अवसर पर पूज्य दंडी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि आज गौ-वंश देश में दुःखी है, इसलिए सब दुःखी हैं अतिवृष्टि, अनावृष्टि, भूकंप, भय मरण आदि अनेकों कष्टों का सामना देश में लोग कर रहे हैं। जब गौ वंश देश में सुखी रहेगा गौ हत्या पूर्ण रूप से देश में बंद होगी। गौ को राष्ट्र माता का सम्मान मिलेगा तब सब सुखी हो जायेंगे। परम पूज्य गुरुदेव भगवान उत्तराम्नाय ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य अनंत विभूषित स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज निरंतर इसी महाअभियान में लगे हैं कि गौ हत्या बंद हो और गौमाता को राष्ट्र माता और राज्य माता का सम्मान मिले। परम पूज्य शंकराचार्य के ऊपर षड़यंत्र पूर्वक आरोप लगाया जा रहा है परेशान किया जा रहा है। पर शंकराचार्य गौ रक्षा का कार्य कर रहे हैं और करते रहेंगे। आयोजन समिति ने अपील कर अधिक से अधिक संख्या में आकर श्रीशिव महापुराण कथा सुनकर और यज्ञ भगवान का दर्शन कर के जीवन को सफल बनावें।

# उचित मूल्य की दुकान कुण्डा में मनाया गया चावल उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा



छत्तीसगढ़ सरकार की मंशानुरूप ग्राम कुण्डा में स्थित सरकारी उचित मूल्य की दुकान में जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ ग्रामीणजनों व हितग्राहियों के उपस्थिति में चांवल उत्सव मनाया गया। छत्तीसगढ़ में 7 अप्रैल को पूरे प्रदेश में चांवल उत्सव मनाया गया, जिसमें 81 लाख से अधिक राशनकार्ड धारियों को चांवल उत्सव के तहत चांवल वितरण किया जा रहा है। इसका उद्देश्य चांवल वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाना और पात्र हितग्राहियों को समय पर चावल उपलब्ध कराना है राज्य सरकार का लक्ष्य है हर जरूरतमंद तक राशन पहुंचना है। यह आयोजन विशेष रूप से 7 अप्रैल को राज्य भर में राशन दुकानों पर एक साथ आयोजित किया गया ताकि किसी भी पात्र परिवार को राशन से वंचित रहना न पड़े, इसी क्रम में ग्राम कुण्डा में स्थित उचित मूल्य की दुकान 4024 में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग विकासखण्ड पंडरिया के तत्वाधान में चांवल उत्सव मनाया गया। उचित मूल्य दुकान आईडी 4024 कुण्डा में क्षेत्रीय जनपद सदस्य अम्बिका गोलू सोनवानी, सरपंच हरेंद्र चंद्राकर, उपसरपंच मुमताज अहमद, सोसायटी अध्यक्ष अमन खनूजा, मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी के करकमलो से पात्र हितग्राहियों को चांवल वितरण कर शुभारंभ किया गया।

# टीएस सिंहदेव का महली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम महली में छत्तीसगढ़ के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता टीएस सिंहदेव एवं प्रदेश के पूर्व महामंत्री अर्जुन तिवारी का सोमवार को उनका आगमन एवं प्रवास पर महली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य फूल-माला व पटाखे के साथ स्वागत किया गया। जहां पूर्व उपमुख्यमंत्री स्थानीय कार्यकर्ताओं से भेंट-मुलाकात कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से संगठन और सामाजिक एवं पारिवारिक कार्यक्रम में शिरकत परिचर्चा किया, जिससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं में एक नया जोश का संचार हुआ। वहीं आसपास क्षेत्र में टीएस सिंहदेव के आगमन की सूचना पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिली। इस दौरान जिला अध्यक्ष नवीन जायसवाल, पूर्व जनपद अध्यक्ष अर्जुन तिवारी, उत्तरा दिवाकर, घनश्याम साहू, अशोक कश्यप, दिनेश पाण्डेय, परमानंद साहू, उत्तर चंद्राकर, अवनीश कश्यप, रघुराई चंद्राकर सहित आसपास क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता सहित क्षेत्रवासी गण उपस्थित थें।

# केंद्रीकृत परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न



■ संकुल पिपरिया में 40 वर्ष सेवा पूर्ण होने पर प्राचार्य का सम्मान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

संकुल पिपरिया अंतर्गत कक्षा 5वीं एवं 8वीं की केंद्रीकृत परीक्षा सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। संकुल प्राचार्य नंदकुमार शर्मा एवं संकुल समन्वयक महेंद्र जांगड़े के मार्गदर्शन में परीक्षा का संचालन बेहतर व्यवस्था के साथ किया गया।

परीक्षा के दौरान प्रश्नपत्र प्रतिदिन पुलिस थाना पिपरिया से प्राप्त कर संकुल केंद्र के माध्यम से केंद्राध्यक्षों को वितरित किए गए। परीक्षा समाप्ति के बाद केंद्राध्यक्षों द्वारा अमूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाओं के बंडल पुनः संकुल केंद्र में जमा कराए गए। पूरे आयोजन में अनुशासन और पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा गया। इस केंद्रीकृत परीक्षा में संकुल पिपरिया अंतर्गत 12 प्राथमिक शालाएं एवं 8 पूर्व माध्यमिक विद्यालय शामिल थें। अंतिम दिवस पर संकुल प्राचार्य एवं संकुल समन्वयक द्वारा सेजेस पिपरिया (हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम) का निरीक्षण किया गया तथा सभी केंद्राध्यक्षों को सफल संचालन के लिए शुभकामनाएं दी गई।

इसी अवसर पर संकुल प्राचार्य नंदकुमार शर्मा के 40 वर्ष के सफल सेवाकाल पूर्ण होने पर संपूर्ण शिक्षक परिवार द्वारा उनका सम्मान कर स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक महेंद्र जांगड़े, प्रधान पाठिका श्रीमती अमृता श्रीवास्तव, श्रीमती स्वाति शर्मा, श्रीमती सूर्या नामदेव, राजकुमार बंजारे एवं शेखर चंद्रवंशी सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे।

# कुई में लोकनृत्य महोत्सव में कलाकारों ने बांधा समा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

क्षेत्र में लोक कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित श्री सिद्धिविनायक लोक नृत्य महोत्सव 2026 का आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और कला प्रेमियों की उपस्थिति रही, जिन्होंने देर रात तक लोक नृत्यों का आनंद लिया।

महोत्सव में गोंडी, करमा, सुआ और पंथी जैसे पारंपरिक लोक नृत्यों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पारंपरिक वेशभूषा और लोक वाद्य यंत्रों की ताल पर कलाकारों ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन करते हुए क्षेत्रीय संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने कहा कि लोक नृत्य और परंपराएं हमारी पहचान हैं, जिन्हें सहेजना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ाते हैं। प्रतियोगिता के अंत में विजेता टीमों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

जिसमें प्रथम पुरस्कार 10,000 डॉ नितेश जायसवाल द्वारा निधि एवं निलेश डांस ग्रुप को प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार 7,000 मुकेश कुंभकार द्वारा श्रद्धा डांस ग्रुप को दिया गया। तृतीय पुरस्कार 5,000 जनपद सदस्य राजकुमार नेताम द्वारा नरसिंह देव डांस ग्रुप को प्रदान किया गया। वहीं चतुर्थ पुरस्कार 3,000 यशवंत श्रीवास एवं अभय मरावी द्वारा आदिवासी डांस ग्रुप को दिया गया। कार्यक्रम के दौरान दर्शकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता देखने को मिली।

### जिला शिक्षा प्रकोष्ठ की परिचय बैठक संपन्न

**हरिभूमि कवर्धा।** भाजपा प्रदेश शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कांतिलाल जैन एवं भाजपा कबीरधाम जिलाध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी के निर्देशानुसार जिला शिक्षा प्रकोष्ठ कवर्धा की परिचय बैठक गत दिनों रविवा को जिला कार्यालय विवेकानंद भवन में संपन्न हुई। बैठक में भाजपा स्थापना दिवस के आयोजन एवं अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें माह जून में जिला शिक्षा प्रकोष्ठ का का जिला स्तरीय सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया, शिक्षा सत्र के आरम्भ में छात्र-छात्राओं को विद्यालय में जाकर जरूरत की सामग्री प्रदान करने का निर्णय लिया गया। शिक्षा प्रकोष्ठ की जिला इकाई को मजबूती प्रदान करने का सभी वरिष्ठों ने संकल्प लिया। बैठक को भाजपा जिला महामंत्री मुकेश ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष अशोक चंद्रवंशी ने संबोधित करते हुए संगठन की नीतियों से अवगत कराया तथा सभी को साथ मिलकर संगठन को मजबूत करने की अपील की। जिला शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक बसंत शुक्ला, प्रकाश कुमार गुप्ता, पीपी पाण्डेय, कोषाध्यक्ष कन्हैया लाल गुप्ता, जीएन योगी, अशोक सिंह राजपूत, कैलाश शरण सिंह, महेश पटेल, रामशरण चंद्रवंशी, अशोक देवांगन, राजेश गुप्ता आदि ने संबोधित किया। जिला संयोजक राजू श्रीवास्तव ने संगठन के उद्देश्य संबंधी प्रतिवेदन पढ़ा और सभी सदस्यों से सदस्यता बढ़ाने पर आग्रह किया। प्रदेश कार्यालय से प्राप्त और जिला भाजपा के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी के निर्देशानुसार संगठन के लिए कार्य करने की अपील की।

## जल संरक्षण के साथ आजीविका पर ग्रामीणों से हुई चर्चा

# रोजगार सह-आवास दिवस के अवसर पर जल संरक्षण के साथ आजीविका पर ग्रामीणों से चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिले के सभी 471 ग्राम पंचायतों में रोजगार सह आवास दिवस का आयोजन चांवल महोत्सव के साथ किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण सहित जनमन आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत सभी आवासों को आगामी 90 दिनों में पूर्ण करने ग्रामीणों के साथ चर्चा कर कार्य योजना बनाया गया। आवास योजना अंतर्गत हितग्राहियों को मिलने वाली सहायता राशि की जानकारी प्रदान की गई। सामग्रियों की आपूर्ति सहित अन्य समस्याओं का त्वरित समाधान भी किया गया। रोजगार सह आवास दिवस में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों को पूर्ण करने, मांग आधारित नए कार्य प्रारंभ करने के संबंध में ग्रामीणों से चर्चा किया गया। प्रत्येक माह आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के लिए ग्रामीणों के बीच उत्साह का माहौल रहता है। क्योंकि इस दौरान उन्हें विभिन्न योजनाओं की नई जानकारियां प्राप्त होती है तथा समस्याओं का समाधान गांव में ही हो जाता है। इस संबंध में जानकारी देते हुए कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि रोजगार सह आवास दिवस के अवसर पर जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास किए गए। ग्रामीणों को प्रेरित करते हुए मोर गांव-मोर पानी, मोर तरिया अभियान अंतर्गत नवा तरिया आय के जरिया हेतु स्थलों के चयन पर ग्रामीणों के साथ प्रस्तावित स्थलों का भ्रमण किया गया। कबीरधाम जिले में वर्षा ऋतु के पूर्व जल संरक्षण के साथ आजीविका संवर्धन की दिशा में अनेको प्रयास हो रहे हैं। इसी क्रम में आजीविका डबरी का कार्य भी जोरो में चल रहा है और इसे जल्द पूरा करते हुए उपयोगी बनाने पर चर्चा हुई।

### निधनः धीरेन्द्र श्रीवास्तव



**हरिभूमि कुण्डा।** दामापुर चौकी में पदस्थ पुलिस कर्मी सारंगपुर-मोहगांव निवासी धीरेन्द्र श्रीवास्तव ( धीरू ) आयु 38 वर्ष का मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। श्री श्रीवास्तव सरल, सहज, मिलनसार एवं अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पण थें। स्व.धीरेन्द्र श्रीवास्तव का निजी उपचार के दौरान आकस्मिक निधन हो गया, वे विगत तीन वर्षो से थाना कुण्डा में पदस्थ रहे। वर्तमान में दामापुर चौकी में पदस्थ रहकर छत्तीसगढ़ पुलिस में सेवा दे रहे थे, उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में परिजन ग्रामवासी, क्षेत्रवासी एवं थाना कुण्डा एवं दामापुर चौकी के स्टॉप उपस्थित होकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
9 सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
9 सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### वंदेमातरम पर नाटक का मंचन

**जेवरतला रोड।** वंदेमातरम रचना की 150 वीं वर्षगांठ के अवसर पर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सर्वप्रथम वंदे मातरम का गायन सभी ने किया। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य आरके देवांगन ने स्वतंत्रता आंदोलन में क्रांतिकारियों और वंदे मातरम से जुड़ी बातों को याद करते हुए कहा कि यह एक प्रेरणा स्रोत, जन जागरूकता का मंत्र है। इसके उद्घोष से शरीर में ऊर्जा का संचार होने लगता है। यह राष्ट्रवाद का परिचायक है। व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी के निर्देशन एवं संपादन में वंदे मातरम पर लघु नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी अजय पाठक ने वंदे मातरम इतिहास पर प्रकाश डाला। शिक्षक नेहा साहू, गायत्री देवांगन ने वंदेमातरम से जुड़ी बातों को याद किया।

### रेत की अवैध निकासी और परिवहन

**डोंगरगढ़।** पारागांव खुर्द और पारागांव कला के बीच बहने वाली नदी अवैध कमाई का स्थायी स्रोत बन गई है। नदी दोनों पंचायतों की सीमा में होने का हवाला देकर आधा-आधा बांट दिया गया और पारागांव खुर्द पंचायत द्वारा 2 से 3 लाख में बेचा जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक इस वर्ष करीब 3 लाख में सौदा तय हुआ है। गंभीर बात यह है कि रेत खनन को राजनीतिक संरक्षण मिलने की बात सामने आ रही है। इस मामले में एक भाजपा नेता का नाम उछला है। प्रशासन की चुप्पी के बाद यह चर्चा है कि नेता के शामिल होने के कारण प्रशासन का रवैया नरम है जिसका फायदा उठाकर रोजाना सैकड़ों ट्रिप रेत निकाली जा रही है। सूत्रों का दावा है कि दो व्यक्तियों द्वारा तीन-तीन ट्रैक्टर लगाकर दिन-रात रेत का खनन और परिवहन किया जा रहा है।

### भवन का भूमिपूजन

**मोहला।** सांसद संतोष पाण्डेय ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में प्रस्तावित जिला पंचायत भवन का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर विधायक इंद्र शाह मंडावी, भोलाराम साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह, उपाध्यक्ष दिनेश शाह, कलेक्टर तुलिका प्रजापति, सीईओ जिला पंचायत भारती चन्द्राकर, डीएफओ दिनेश पटेल आदि उपस्थित थे। सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि जिला पंचायत भवन के निर्माण से न केवल प्रशासनिक कार्यों में गति आएगी, बल्कि आम नागरिकों को भी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को प्राथमिकता देते हुए आधारभूत संरचनाओं को मजबूत किया जा रहा है, जिससे आमजन को योजनाओं का लाभ मिलेगा।

### 20 लाख के कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

**छुरिया।** वनांचल क्षेत्र में 20 लाख के स्वीकृत और पूर्ण कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव ने किया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में जिपं सभापति बिरम मंडावी, जनपद सदस्य उभयराम मंडावी, सुनीता सेवता, रामकुमार मंडावी, लल्लेश्वरी घांवरे, बेदराम मंडावी, राजेश्वरी मंडावी, आनंदीबाई, कनक मंडावी, भुनेश्वरी सलामे, लखनलाल हिचामे, राधेलाल फुलकुंवर, जेलसिंह यादव, अंजूराम मंडावी, गणेशियाबाई, ईश्वरलाल सोनतला, दानीराम कोर्राम, दुरपतबाई साहू, अर्जुन मंडावी, पवन कुमार वैष्णव, प्रताप मरकाम सहित अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में किडकाड़ीटोला के आंगनबाड़ी भवन, मरकाकसा के सामुदायिक भवन, जोब में पानी टैंकर का लोकार्पण और भूमिपूजन किया गया। इस मौके पर श्रीमती वैष्णव ने कहा कि वनांचल का विकास हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है।

### निधन

#### बसंत दुबे



**नवागढ़।** नवागढ़ निवासी बसंत दुबे का 76 वर्ष की आयु में निधन हो गया। स्वर्गीय श्री दुबे का अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में संपन्न हुआ। वे भूपेश दुबे के पिता थे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ में एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

## किशोरी बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

स्वास्थ्य विभाग नवागढ़ द्वारा सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ में एचपीवी वैक्सीन टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया।

यह कार्यक्रम खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल राज एवं बीपीएम सी.के. देवांगन के नेतृत्व में आयोजित हुआ। इस अभियान के तहत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरी बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन निःशुल्क लगाई जा रही है। भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए इस राष्ट्रव्यापी अभियान का उद्देश्य गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर की रोकथाम करना है। विशेषज्ञों के अनुसार यह वैक्सीन उन वायरसों से सुरक्षा प्रदान करती है, जो 90 प्रतिशत से अधिक मामलों में कैंसर के लिए जिम्मेदार होते हैं।

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक एचपीवी वैक्सीन 93 से 100 प्रतिशत तक प्रभावी मानी गई है और यह उच्च जोखिम वाले एचपीवी संक्रमण से बचाव करती है। यह टीका पूरी तरह सुरक्षित है तथा व्यापक स्तर पर इसका परीक्षण और अध्ययन किया जा चुका है।



### जनजागरूकता पर दिया गया जोर

कार्यक्रम के दौरान खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राहुल राज, डॉ. एम.एम. रजा, डॉ. स्वाति चौधरी, सेक्टर सुपरवाइजर, श्रीमती अंबालिका, ए. शेख, मितानिन कार्यकर्ता एवं ब्लॉक समन्वयक सहित स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर अधिक से अधिक किशोरियों को इस अभियान से जोड़ने और जनजागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बेटियों को एचपीवी वैक्सीन अवश्य लगवाएं। यह टीकाकरण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवागढ़ में प्रतिदिन निःशुल्क उपलब्ध है। यह पहल 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।

## अपील : जूस और आइसक्रीम के नाम पर बेचे जा रहे उत्पादों पर हो सख्त कार्रवाई की मांग

# शुद्ध के लिए युद्ध : विश्व स्वास्थ्य दिवस पर भ्रामक फूड विज्ञापनों के खिलाफ उठी कड़ी आवाज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा



विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर देश में पैकेज्ड फूड और पेय पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर बहस तेज हो गई है। शुद्ध के लिए युद्ध का आह्वान करते हुए भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने जूस और आइसक्रीम के नाम पर बेचे जा रहे भ्रामक उत्पादों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में कॉलेज की छात्राओं ने भी खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग को पत्र लिखकर जनस्वास्थ्य की रक्षा हेतु ठोस कदम उठाने की अपील की है।

प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि बाजार में फ्रूट जूस के नाम पर ऐसे पेय बेचे जा रहे हैं जिनमें वास्तविक फल की मात्रा कई बार मात्र 10 से 20 प्रतिशत तक ही होती है, जबकि बाकी हिस्सा शुगर, कृत्रिम फ्लेवर और प्रिजर्वेटिव्स से भरा होता है। एक 200 मिलीलीटर पैक में 20 से 25 ग्राम तक शुगर पाई जाती है, जो एक व्यक्ति की दैनिक सुरक्षित सीमा के बराबर है।

इसी तरह आइसक्रीम के नाम पर बिकने वाले कई उत्पाद वास्तव में फ्रोजन डेजर्ट होते हैं, जिनमें दूध के बजाय वनस्पति तेल और कृत्रिम तत्वों का उपयोग किया जाता है, लेकिन पैकेजिंग और प्रचार ऐसा होता है कि उपभोक्ता भ्रमित हो जाता है। उन्होंने इसे केवल व्यापारिक अनियमितता नहीं, बल्कि जनता के स्वास्थ्य के साथ गंभीर धोखा बताया। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों के स्वास्थ्य, अधिकार और सुरक्षा के लिए संघर्ष करना आवश्यक है।

चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. भावना चंद्राकर के अनुसार अत्यधिक शुगर और प्रोसेस्ड फूड का सेवन देश में बढ़ती बीमारियों का प्रमुख कारण बन रहा है। भारत में 10 करोड़ से अधिक लोग मधुमेह से प्रभावित हैं, जबकि हर पांच में एक व्यक्ति मोटापे की समस्या से जूझ रहा है। हृदय रोग और फैटी लिवर जैसी बीमारियां भी तेजी से बढ़ रही हैं, खासकर बच्चों और युवाओं में इसका खतरा अधिक है।

प्रज्ञा निर्वाणी ने विकसित देशों का उदाहरण देते हुए कहा कि ब्रिटेन, अमेरिका, चिली और यूरोपीय देशों में ऐसे उत्पादों पर कड़े नियम लागू हैं। वहां पैकेजिंग पर स्पष्ट चेतावनी, भ्रामक दावों पर प्रतिबंध और कंपनियों पर भारी दंड का प्रावधान है। उन्होंने भारत में भी इसी तरह की सख्त व्यवस्था लागू करने की मांग की। अपने पत्र में उन्होंने जूस और आइसक्रीम शब्दों के उपयोग के लिए स्पष्ट मानक तय करने, फ्रोजन डेजर्ट और शुगर युक्त पेय पदार्थों को स्पष्ट रूप से चिन्हित करने तथा पैकेजिंग पर स्वास्थ्य चेतावनी अनिवार्य करने की मांग की है। साथ ही भ्रामक विज्ञापन करने वाली कंपनियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई, भारी जुर्माना और लाइसेंस निरस्तीकरण जैसे कदम उठाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि शुद्ध के लिए युद्ध को जनआंदोलन का रूप दिया जाएगा। यह अभियान देश की जनता के स्वास्थ्य और भविष्य की रक्षा का संकल्प है, जिसमें भ्रामक विज्ञापनों और दोषी कंपनियों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# रोजगार सह आवास दिवस का आयोजन जल संरक्षण पर दिया गया विशेष जोर



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

■ मनरेगा श्रमिकों और ग्रामीणों को किया गया जागरूक

जिले की सभी ग्राम पंचायतों में मंगलवार को रोजगार सह आवास दिवस का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत कार्यरत श्रमिकों एवं ग्रामीणजनों को विभिन्न शासकीय योजनाओं और आजीविका संवर्धन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर "नवा तरिया आय के जरिया" पहल के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि नवा तरिया निर्माण से जहां जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा, वहीं विभिन्न योजनाओं के अभिसरण से महिलाओं की आय में वृद्धि भी सुनिश्चित होगी। ग्राम पंचायतों में स्थापित क्यूआर कोड के माध्यम से योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने हेतु हितग्राहियों को प्रेरित किया गया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 90 दिवस की मजदूरी, किश्तों के प्रावधान एवं निर्माण प्रक्रिया से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं। जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्रामीणों को जनभागीदारी के तहत प्रत्येक घर में सोखता गड्ढा निर्माण के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम के दौरान "वीबी जीरामजी अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए ग्रामीणों को इससे जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# बेरला में भाजपा का 47वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा/बेरला

■ वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान, रैली निकालकर अटल व दीनदयाल उपाध्याय को दी श्रद्धांजलि

भारतीय जनता पार्टी बेरला मंडल द्वारा पार्टी का 47वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जनसंघ से लेकर 6 अप्रैल 1980 को भाजपा की स्थापना तक की यात्रा को याद करते हुए कार्यकर्ताओं ने जनसेवा, अंत्योदय और राष्ट्रवाद के संकल्प को दोहराया। प्रदेश मंत्री एवं मंडल प्रभारी संध्या परगनिया तथा मंडल अध्यक्ष डोमेन्द्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में रेस्ट हाउस में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। इसके बाद नगर में रैली निकालकर अटल परिसर में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। रैली आगे बढ़ते हुए गौठान चौक पहुंची, जहां दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इसके पश्चात कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर स्थापना दिवस मनाया।

कार्यक्रम में जनसंघ काल से जुड़े वरिष्ठ कार्यकर्ताओं विष्णु प्रसाद परगनिया, मुजनू राम साहू, कमल नारायण पांडे, मंशाराम निषाद, अमृत लाल माहेश्वरी, मोहन लाल सिन्हा, माधोराम सिन्हा, संतोष यादव और फेरहा राम का विशेष रूप से सम्मान किया गया।

मंडल अध्यक्ष डोमेन्द्र सिंह राजपूत ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता त्याग, तपस्या और बलिदान का प्रतीक है। उन्होंने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने जम्मू-कश्मीर को देश की एकता में जोड़ने के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। प्रदेश मंत्री संध्या परगनिया ने कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पार्टी अंत्योदय के सिद्धांत और /"सेवा ही संगठन/" के मंत्र के साथ पिछले 47 वर्षों से निरंतर जनसेवा में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के संघर्ष के कारण ही आज भाजपा जनता के बीच मजबूत आधार बना पाई है।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष विशाल राज देशलहरा, अमृत लाल माहेश्वरी (विधायक प्रतिनिधि), महामंत्री नारायण पटेल, रघुवीर सिन्हा, यतीश द्विवेदी, कन्हैया वर्मा, विमला कुर्रे, गंगाधर साहू, कन्हैया सेन, सीमा वर्मा, मीडिया प्रभारी कमल साहू, विक्की ओग्रे, बलराम सिवारे, बलराम यादव, रमेश सिन्हा, किशन साहू, आशीष सोनी, युगल पाटिल, पार्षद शिव झड़ी सिन्हा, सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वृद्धाश्रमों में स्वास्थ्य जांच एवं विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

■ वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य अधिकारों और योजनाओं की



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में वृद्धाश्रम कंतेली एवं वृद्धाश्रम कोबिया में स्वास्थ्य जांच शिविर एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राधिकरण के सचिव भी उपस्थित रहे।

शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों को उनके स्वास्थ्य संबंधी अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में बताया गया कि स्वस्थ जीवन जीना प्रत्येक नागरिक का मूलभूत मानव अधिकार है। शिविर में उपस्थित लोगों को आयुष्मान भारत योजना सहित विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं एवं जन स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया और उसके लाभों के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम के दौरान नियमित व्यायाम के महत्व, मानसिक एवं शारीरिक समस्याओं से बचाव तथा समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया गया। वरिष्ठ नागरिकों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सहायता योजना की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों, सम्मानपूर्ण जीवन एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों द्वारा वरिष्ठ नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा प्राथमिक जांच के बाद आवश्यक दवाइयों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के अधिकार मित्र, स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा अधिकारी एवं स्टॉफ नर्स दीपांजली डेनियल सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### गांवों में गहराया जल संकट

**बांधाबाजार।** गर्मी की दस्तक के साथ अंचल के ग्राम जोरातराई, थैलीटोला, जादूटोला, मांझीटोला, शिकारीटोला, राघोटोला में पेयजल समस्या गहरा गई है। इन गांवों में मोगरा बैराज से पानी की सप्लाई भी सप्ताह भर से बंद है जिसके बाद लोगों को खाना बनाने, पेजयल और निस्तार के लिए अपेक्षित पानी नहीं मिल रहा है। लोग दूरदराज खेतों के बोर से पानी लाकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी बढ़ने के साथ गांवों के अधिकांश जलस्त्रोत सूख रहे है। कुंओं में पानी नहीं है वहीं हैंडपंप से भी पानी नहीं मिल रहा है। मोगरा बैराज से पानी की सप्लाई बंद होने के बाद से उनकी दिक्कत और बढ़ गई है।

# समय-सीमा बैठक में लंबित प्रकरणों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

■ विकास कार्यों और जनशिकायतों की हुई समीक्षा



जिले में शासकीय कार्यों को गति देने और आमजन को समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री प्रेमलता पद्माकर ने समय-सीमा बैठक लेकर विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों, जनशिकायतों और विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सभी लंबित आवेदनों और प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। लंबे समय से लंबित मामलों पर नाराजगी जताते हुए अनावश्यक विलंब पर सख्ती बरतने को कहा गया। साथ ही जनचौपाल, जनदर्शन एवं ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त शिकायतों के त्वरित और संतोषजनक समाधान पर जोर दिया गया, ताकि आम नागरिकों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को वार्षिक एवं मासिक लक्ष्य तय कर कार्य करने के निर्देश दिए गए। जिन विभागों की प्रगति अपेक्षित नहीं पाई गई, उन्हें कार्यप्रणाली में सुधार और मैदानी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने की हिदायत दी गई। इसके अलावा विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया गया, ताकि तकनीकी या प्रशासनिक कारणों से कार्य प्रभावित न हों। बैठक के अंत में निर्देश दिए गए कि अगली समीक्षा तक लंबित प्रकरणों की संख्या कम की जाए। साथ ही कार्य में लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

## कोयलारी उपक्षेत्र में नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

# चंद्रनाहू कुर्मी समाज का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

■ बड़ी संख्या में समाजजन रहे उपस्थित

चंद्रनाहू (चंद्राकर) कुर्मी क्षत्रिय समाज बेमेतरा राज के अंतर्गत उपक्षेत्र कोयलारी (कृतबांधा) में सोमवार को नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अयोध्या चंद्राकर (अध्यक्ष, बेमेतरा राज) एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में नरेश चंद्राकर (केंद्रीय संगठन मंत्री) शामिल हुए। इसके अलावा गेंदुराम चंद्राकर, गोरेलाल चंद्राकर, भूगेंद्र चंद्राकर, गिरधर चंद्राकर,



नरोत्तम चंद्राकर एवं धनीराम चंद्राकर की भी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता तुलसीराम चंद्राकर (अध्यक्ष, उपक्षेत्र कोयलारी) ने की।

**ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम के दौरान नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को विधिवत शपथ दिलाई गई। इसमें अध्यक्ष राजेंद्र चंद्राकर, उपाध्यक्ष शिवकुमार चंद्राकर, सचिव धन्नू चंद्राकर, कोषाध्यक्ष जवाहर चंद्राकर, संगठन मंत्री जकला चंद्राकर, महिला प्रतिनिधि श्रीमती बिसनी/संतोष चंद्राकर एवं श्रीमती रामबाई/पेखन चंद्राकर तथा पुरुष प्रतिनिधि नरेश चंद्राकर, नीलांबर चंद्राकर एवं पलटन चंद्राकर शामिल रहे। साथ ही ग्राम इकाई से लोकनाथ चंद्राकर, छवि चंद्राकर, भास्कर चंद्राकर, कृष्णा चंद्राकर, सिद्धू चंद्राकर, चतुर चंद्राकर एवं चोवा चंद्राकर तथा राज प्रतिनिधि के रूप में तुलसीराम चंद्राकर ने भी शपथ ग्रहण किया।

कार्यक्रम में उपक्षेत्र कोयलारी के ग्राम अमचो, कोयलारी, कृतबांधा, पचभैया, चुचरुंगपुर, तमरूवा, बानो, मजगांव, उड़तला, कारेसरा, तरवरपुर एवं छुइहां सहित विभिन्न गांवों के समाजजन एवं पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

